तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 4 मार्च 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 सफलता के लिए नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन आवश्यक ...



14 दो दिन हुआ होलिका दहन, आज मनेगा रंगों का पर्व



## खबर संक्षेप

### गंगरेल रिसोर्ट में आज बरदिहा वाली छत्तीसगढ़िया होली

**धमतरी।** गंगरेल स्थित बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट में बरदिहा वाली छत्तीसगढ़िया होली का आयोजन किया गया है। रिसोर्ट के मैनेजर सुमंतकुमार ने बताया कि गंगरेल स्थित बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट में 4 फरवरी बुधवार को सुबह 10 बजे से शाम तक बरदिहा वाली छत्तीसगढ़िया होली का आयोजन किया गया है जिसमें रैन डांस, रंगों की होली, डीजे सहित छत्तीसगढ़िया पकवानों के साथ ग्रांड बफे की व्यवस्था रहेगी। यह फैमिली के लिए आयोजित है जिसमें सिर्फ कपल शामिल हो सकते हैं। बरदिहा वाली होली के लिए पंजीयन शुल्क 1100 रुपए प्रति कपल रखा गया है।

### छग पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 मार्च शुक्रवार को दोपहर 12 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन में आयोजित की गई है। नववर्ष का मिलन समारोह मनाया जाएगा। वीरेन्द्र नाग अध्यक्ष, मोतीलाल हिरवानी सचिव ने सदस्यों से बैठक में उपस्थिति की अपील की है।

### स्कूल सफाई कर्मचारियों का होली मिलन 6 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ कुरूद ब्लाक का होली मिलन समारोह 6 मार्च शुक्रवार को खेल मैदान कुरूद में 12 बजे रखा गया है। संघ के अध्यक्ष नूतन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष हीरालाल साहू एवं मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने कुरूद ब्लाक के सभी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

### ऑयल पाम योजना पर कार्यशाला 10 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ को खाद्य तेल उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने एवं किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से राज्य शासन उद्यानिकी विभाग एवं 3एफ ऑयल पाम के माध्यम से एनएमईओ-ओपी (राष्ट्रीय खाद्य तेल विकास योजना) अंतर्गत ऑयल पाम विस्तार कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके तहत धमतरी जिले को 100 हेक्टेयर का लक्ष्य आवंटित किया गया है। इसी कड़ी में नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयल पाम (एनएमईओ-ओपी) के तहत एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन 10 मार्च मंगलवार को किया जाएगा। यह कार्यशाला कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में शासकीय उद्यान रोपणी बिरगुड़ानांव में होगी। कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारियों के साथ जिले के कृषक भी सहभागी होंगे।

### अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन 10 को

**धमतरी।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला धमतरी द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती संबंधी महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के कुछ पदों में आंशिक संशोधन किया गया है। 17 मेडिकल ऑफिसर (आयुष) पदों में से 1 पद को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है। वहीं 14 लेबोरेटरी टेक्नीशियन (बीपीएचयू) एवं 15 लेबोरेटरी टेक्नीशियन (आरबीएसके) पदों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा के बाद पात्र अभ्यर्थियों की सामान्य मेरिट सूची तथा चयन सह प्रतीक्षा सूची जिला वेबसाइट पर प्रकाशित की जा रही है। चयनित एवं प्रतीक्षित अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन 10 मार्च को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक सीएमएचओ कार्यालय में किया जाएगा। अभ्यर्थियों को सभी मूल दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है।

# मां अंगारमोती मंदिर में प्रकृति, अन्न और पूर्वजों के प्रति आस्था की होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गंगरेल स्थित मां अंगारमोती पेनठाना में इस वर्ष पारंपरिक और अनूठे स्वरूप में देव होली मनाई गई। आदिवासी आस्था और लोक संस्कृति की सजीव छटा के बीच माता और देव स्वरूपों ने रंगों का उत्सव मनाया। होली उत्सव की शुरुआत दोपहर लगभग 2 बजे विधिवत पारंपरिक पूजा-अर्चना से हुई। प्रकृति, अन्न और पूर्वजों के प्रति आस्था रखते हुए पेन पुरखा को फागुन जोहार अर्पित किया गया। पूजा-अर्चना के बाद माता को गेहूं की बाली चढ़ाई गई तथा श्रद्धापूर्वक हरवा माला भी अर्पित की गई।

इस अवसर पर माता के पुजारी ईश्वर नेताम भक्ति भाव में लीन दिखाई दिए और देव स्वरूपों के साथ रंग-गुलाल की होली खेली। मान्यता अनुसार मतवार डोकरा, लिंगो पेन और डांग देव भी होली उत्सव में सहभागी बने। पारंपरिक बाजे-गाजे की गूंज से पूरा परिसर रंगों और उल्लास से सराबोर हो उठा। उत्सव के दौरान युवाओं ने पारंपरिक रेला-पाटा की धुन पर नृत्य किया। डीजे की ताल पर उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाया। कार्यक्रम में मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई, तुकाराम मरकाम, मानसिंह मरकाम, खिलेश कुंजाम, रामेश्वर मरकाम, बंटी मरकाम, युवराज मरकाम, दिग्विजय ध्रुव, हरि नेताम, नरेंद्र नेताम, सोहन ध्रुव, रोशन मरकाम व अनेक श्रद्धालु एवं समाजजन उपस्थित थे।

**माता को अर्पित की गेहूं की बाली और पहनाई हरवा माला**







## 265 स्कूल ने 5 हजार 878 छात्रों की परीक्षा के लिए कराया पंजीयन

# पहली बार केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल होंगे निजी स्कूल के छात्र

**परीक्षार्थियों की संख्या**

| ब्लॉक | पांचवी | आठवीं |
|---|---|---|
| धमतरी | 1483 | 1224 |
| कुरूद | 919 | 738 |
| मगरलोड | 386 | 355 |
| नगरी | 418 | 355 |

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पांचवी-आठवीं की केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा में पहली बार निजी स्कूल के छात्र भी शामिल होंगे। इस परीक्षा में धमतरी जिले में कुल 24 हजार 107 छात्र शामिल होंगे, जिसमें से 5 हजार 878 छात्र निजी स्कूल के होंगे।

पांचवी-आठवीं की केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा 25 मार्च से शुरू हो रही है। इस परीक्षा में शासकीय स्कूलों के छात्रों के साथ सीजी बोर्ड से संबद्धता प्राप्त हिन्दी माध्यम व अंग्रेजी माध्यम के निजी स्कूल के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। धमतरी जिले में कुल 24 हजार 107 विद्यार्थी इस बार परीक्षा में बैठेंगे। इस परीक्षा में पहली बार 265 निजी स्कूलों से 5 हजार 878 विद्यार्थी शामिल होंगे। इन विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन निजी स्कूलों ने करवाया है। खास बात यह है कि इन विद्यार्थियों का प्रश्नपत्र जिला शिक्षा विभाग देगा। यानी निजी स्कूलों और सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत पांचवी और आठवीं के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नपत्र जिला शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान किया जाएगा।



### पिछले साल नहीं हुए थे शामिल

26 नवंबर 2024 को छत्तीसगढ़ सरकारी की कैबिनेट ने प्रदेश में पांचवीं और आठवीं की परीक्षा को सेंट्रलाइज (केंद्रीकृत) करने का फैसला लिया था। इसके तहत पूरे प्रदेश में एक समय-सारिणी और एक जैसा ही पेपर होना है। पिछले साल निजी स्कूलों को हाईकोर्ट से स्टे मिला था।

### तिथि में लगातार बदलाव

उधर पांचवी आठवीं की परीक्षा तिथि में लगातार बदलाव से तैयारी में दिक्कत आ रही है। पहले परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि 25 मार्च निर्धारित की गई। इसके बाद नया आदेश आया कि 5 मार्च से परीक्षाएं शुरू होंगी। अब इस आदेश को फिर से बदलकर पुरानी तिथि यानी 25 मार्च से परीक्षा आयोजित करने के के लिए कहा गया है। उधर शिक्षा विभाग परीक्षा की पूरी तैयारी कर चुका है। प्रश्नपत्र भी तैयार है।

# चंद्रग्रहण व सूतककाल का दिखा प्रभाव

- शहर सहित ग्रामीण अंचल में मंदिरों के कपाट बंद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

3 मार्च को पड़े चंद्र ग्रहण और उससे जुड़े सूतक काल के कारण शहर सहित ग्रामीण अंचल के प्रमुख मंदिरों के कपाट सुबह से ही बंद कर दिए गए। फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर सूतक काल की शुरुआत सुबह 6:23 बजे से हो गई थी, जो ग्रहण की समाप्ति तक प्रभावी रहा। इस दौरान धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पूजा-पाठ, मूर्ति स्पर्श और भोग अर्पण पूरी तरह वर्जित रहा।

बिलाई माता मंदिर के पुजारी पं. अश्वनी नारायण दुबे ने बताया कि चंद्रग्रहण का काल सुबह 9:07 बजे से प्रारंभ हुआ। ग्रहण के दौरान मंदिर के कपाट और जगमोहन के द्वार पूरी तरह बंद रखे गए। सूतक और ग्रहण समाप्ति तक यानी शाम 6:45 बजे तक मंदिर बंद रहे, जिसके बाद शाम 7 बजे पुनः श्रद्धालुओं के लिए द्वार खोले गए।

सूतक काल के चलते शहर के सभी मंदिरों में विशेष सावधानियां बरती गईं। मूर्तियों को वस्त्रों से ढंक दिया गया और केवल आवश्यक सेवा-पूजा ही की गई। किसी भी प्रकार का शुभ या मांगलिक कार्य इस अवधि में नहीं हुआ। श्रद्धालु मंदिर परिसर के बाहर से ही भगवान को प्रणाम कर लौटते नजर आए। ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिरों की शुद्धि के लिए विशेष अनुष्ठान, गंगाजल छिड़काव और पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत मंदिरों में सामान्य दर्शन प्रारंभ हुए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण और सूतक काल का पालन नकारात्मक ऊर्जा से बचाव और आध्यात्मिक शुद्धता के लिए आवश्यक माना जाता है।




# जिले के 1204 विद्यार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा



- एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए पांच केंद्रों में हुई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विकासखण्ड नगरी के अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु 1 मार्च को परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा जिले के पांच केन्द्रों मेनोनाईट हिन्दी उमावि धमतरी, मॉडल इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल सोरिद नगर धमतरी, नारायणराव मेघावाले शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी, सरस्वती शिशु मंदिर उमावि आमातालाब धमतरी एवं सर्वोदय इंग्लिस हायर सेकेण्डरी स्कूल हटकेशर धमतरी में हुई। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, नोडल अधिकारी, प्रेक्षक एवं केन्द्राध्यक्षों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्राक्चयन परीक्षा के लिए कुल 1302 छात्र-छात्राओं से आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 1204 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 98 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में हुई।

# कसही के ग्रामीणों ने सात नए कुआं खनन करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- विधायक ओंकार साहू को मांग पत्र सौंपा

ग्राम कसही के ग्रामीणों ने विधायक ओंकार साहू से मुलाकात कर गांव में खेती-बाड़ी को सुदृढ़ बनाने हेतु 7 नए कुओं के निर्माण के लिए मांग पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी की स्थिति सामान्य नहीं है। जमीन के ऊपरी हिस्से में ही पानी उपलब्ध होता है, जबकि अंदर की सतह में जलस्तर काफी कम है। इस कारण सिंचाई के लिए कुओं पर ही निर्भर रहना पड़ता है।

ग्रामीणों ने जानकारी दी कि वर्तमान में गांव में लगभग 55 से 60 कुएं हैं, जिनके माध्यम से किसान खेती कर अपने परिवार का जीवनयापन कर रहे हैं। लेकिन बढ़ती आवश्यकता और सीमित जलस्त्रोत के कारण कई किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधा नहीं मिल पा रही है। कुछ परिवार ऐसे भी हैं, जिनके पास खुद का कुआं नहीं है और वे दूसरों पर निर्भर हैं, जिससे खेती प्रभावित होती है। ग्रामीणों ने विधायक से आग्रह किया कि 7 नए कुओं की स्वीकृति प्रदान कर किसानों को राहत दी जाए, ताकि कृषि उत्पादन बढ़ सके और गांव की आर्थिक स्थिति मजबूत हो।

विधायक ओंकार साहू ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उनकी मांग को प्राथमिकता के साथ रखा जाएगा। मौके पर जितेंद्र साहू सरपंच, पूर्व सरपंच मुकेश ध्रुव, भुवन पटेल, विजय ध्रुव, अरूण पटेल समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



# होली का आनंद ऐसे उठाएं कि दूसरों को परेशानी न हो

- कलेक्टर, एसपी ने जिलेवासियों से होली पर्व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने रंगों का पर्व होली सहित विभिन्न त्योहार सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में उत्साह, खुशी और शांति से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा है कि होली सहित आगामी बड़े त्योहार उत्साह, खुशी और शांति से मनाएं। उन्होंने भीड़-भाड़ से भी बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि होली का आनंद ऐसे उठाएं कि दूसरों को परेशानी अथवा असुविधा न हो। किसी पर न तो बलपूर्वक रंग लगाएं, न ही रंग के नाम पर ग्रीस, पेंट आदि का इस्तेमाल करें।

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने भी अपील की कि दुपहिया वाहनों में तीन सवारी न चले। प्रेशर हार्न वाली गाड़ियों पर सख्ती से चालानी कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित समयावधि व मापदंड के प्रतिकूल ध्वनि-विस्तारक यंत्र डीजे बजाए जाने पर भी पूर्ववत प्रतिबंध जारी रहेगा। होलिका दहन के दौरान प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस की तैनाती रहेगी तथा टीम द्वारा लगातार पेट्रोलिंग भी की जाएगी। कलेक्टर ने इस बार हर्बल गुलाल से होली का पर्व मनाने का आग्रह किया। इसमें फूलों के रंग का इस्तेमाल किया जाता है।

### कचना में लोककला महोत्सव 20 से

**जीजामगांव।** इस वर्ष भी छग रामधुनी महासंघ के मार्गदर्शन में त्रिदेव लोक महोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 20, 21 एवं 22 मार्च को गौठान चौक बस स्टैंड कचना में लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस संध्या 4 बजे से भव्य कलश शोभायात्रा राउतनाचा के साथ निकलेगी। इसके बाद अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया जायेगा। रात्रि में जस झांकी कार्यक्रम होगा।

**त्योहार के दिन अस्पताल में रहेगी डॉक्टरों की तैनाती**

# होली का असर : त्योहार मनाने मरीज घर लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

होली त्योहार का असर जिला चिकित्सालय में भी देखने को मिला है। अस्पताल के वार्डों में भर्ती सामान्य बीमारियों के मरीज छुट्टी कराकर त्योहार मनाने अपने घर लौटने लगे हैं। वहीं इमरजेंसी से निपटने डॉक्टरों की रोस्टर के अनुसार डयूटी लगाई गई है।

अंचल में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है, जिसका असर जिला अस्पताल में भी देखने को मिला है। अस्पताल के वार्डों में भर्ती होकर उपचार करा रहे सामान्य बीमारियों के मरीज छुट्टी कराकर त्योहार मनाने घर लौट रहे हैं। मंगलवार की सुबह से मरीजों के लौटने का सिलसिला शुरु हो गया था जो शाम तक जारी रहा। अस्पताल में गंभीर बीमारियों का इलाज करा रहे मरीज ही भर्ती रहे। सामान्य मरीजों की वापसी के चलते वार्ड के बिस्तर आधे खाली हो गए। 35 बिस्तर की क्षमता वाली महिला वार्ड में मंगलवार की दोपहर तक 19 मरीज भर्ती थे जिनमें ज्यादातर महिला खून की कमी की समस्या से पीड़ित है। उनमे से कुछ मरीज ब्लड चढ़ने के बाद शाम तक घर लौट जाएंगे। इसी तरह पुरुष वार्ड में 24 मरीज भर्ती थे जिनमें 7 मरीज छुटटी होने पर घर लौट गए। न्यू वार्ड के आईसीयू में भर्ती 4 मरीजों का इलाज चल रहा है। वहीं नसबंदी के 9 मरीज व सामान्य के 1 मरीज समेत कुल 14 मरीज भर्ती है जिसमें से 3 मरीज शाम तक घर लौट जाएंगे। वहीं त्योहार के एक दिन पहले मंगलवार को ओपीडी मरीजों की संख्या भी काफी कम रही। अस्पताल खुलने के दो घंटे के भीतर 80 मरीजों ने ही पंजीयन के लिए पर्ची बनवाई थी। ओपीडी का समय समाप्त होने तक लगभग 200 ओपीडी मरीज चेकअप व उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे।






### होली के दिन ये डॉक्टर देंगे सेवा

जिला अस्पताल के सलाहकार गिरीश कश्यप ने बताया कि त्योहार के दिन बुधवार को किसी भी अपातकालीन स्थिति से निपटने डॉक्टरों की डयूटी के लिए रोस्टर तैयार किया गया है। रोस्टर के अनुसार छुट्टी के दिन 4 मार्च को डॉक्टरों की रोटेशन के आधार पर डयूटी लगाई गई है। सुबह 8 से 12 बजे तक डा. अखिलेश देवांगन, दोपहर 12 से 2 बजे तक डा. शुभम विश्वकर्मा, 2 से 4 बजे तक डा. मेहताब अहमद, शाम 4 से 8 बजे तक डा.रविकिरण शिंदे तैनात रहेंगे। वहीं रात्रि 8 बजे से गुरुवार सुबह 8 बजे तक डा. शुभम विश्वकर्मा डयूटी पर रहेंगे। इसी तरह वार्ड में पर्याप्त नर्सिंग स्टाफ, वार्ड ब्वाय व एम्बुलेंस चालक तैनात रहेंगे।

# रेलवे की जमीन पर आंगनबाड़ी निर्माण की शिकायत

- परियोजनाधिकारी ने निगम आयुक्त को लिखा पत्र

**धमतरी।** सेंट्रल गवर्नमेंट की जमीन पर आंगनबाड़ी निर्माण में आपत्ति को लेकर परियोजनाधिकारी ने निगम आयुक्त को पत्र लिखा है। एकीकृत बाल विकास परियोजनाधिकारी ने कलेक्टर तथा निगम आयुक्त को पत्र लिखकर कहा है कि नगर निगम धमतरी द्वारा आंगनबाड़ी भवन का निर्माण लालबगीचा वार्ड धमतरी स्थित खसरा नंबर 161/1 रकबा 5.523 हेक्टेयर में किया जाना है। उक्त भूमि खसरा नंबर 161/1 राजस्व अभिलेख में सेंट्रल गवर्नमेंट रेलवे विभाग की है जो शीतलापारा वार्ड में स्थित है। रेलवे की अनुमति के बिना आंगनबाड़ी का निर्माण किया जाना जनता के धन का दुरूपयोग है।इस संबंध में कार्यालय परियोजना अधिकारी ने कहा है कि निगम क्षेत्र में भवन निर्माण एजेंसी नपा निगम द्वारा स्थल का चिन्हांकन किया जाता है। शिकायत को लेकर परियोजनाधिकारी ने आवश्यक कार्रवाई के लिए नगर निगम को पत्र लिखा है। आंगनबाड़ी निर्माण को लेकर लालबगीचा पार्षद हिमानी साहू का कहना है कि आंगनबाड़ी निर्माण स्थल को लेकर आपत्ति हुई थी जिस पर निगम तथा वार्डवासियों में आंगनबाड़ी निर्माण के लिए आम सहमति बनी थी।

## खबर संक्षेप



### रात में होलिका दहन के बाद एक दूसरे को लगाए रंग

जगदलपुर। सोमवार की रात होलिका दहन शहर के सार्वजनिक स्थलों के साथ साथ घरों के बाड़ों में भी मनाया गया। जलाउ के साथ गोबर के कंडे जलाए गए। पुरूषों के साथ महिलाएं, युवतियां, बच्चों ने विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद होलिका दहन किया। उसके बाद परिक्रमा करने के पश्चात एक दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दी। बताया गया कि यह पहला अवसर है जब होलिका दहन के अगले दिन रंगों का पर्व होली नहीं मनाया गया। ऐसा चंद्रग्रहण के कारण हुआ है। इसलिए अब बुधवार को रंगो की होली खेली जाएगी। अवकाश भी 4 मार्च को है आज बैंक समेत सारे प्रतिष्ठान और दुकानें खुली रही।

### होली में नगाड़ों की पूछताछ हुई कम, बिक्री हुई कम



जगदलपुर। आधुनिकता के चकाचौंध में नगाड़े की शोर गुम हो गई है। शहर के संजय बाजार चौक हनुमान मंदिर सामने में नगाड़ा बिका रहा है। विक्रेताओं ने बताया कि 3500 रूपए से लेकर 1200 रूपए तक के नगाड़े बिक रहे हैं। अभी गिने-चुने ग्राहक ही नगाड़ा लेकर गए हैं, विक्रेताओं का कहना है कि पहले होली दहन से एक-दो दिन पहले तक ही नगाड़े की बिक्री में तेजी रहती थी। बस्तर जिले के बकावंड ब्लॉक के ग्राम बारदा निवासी सम्पत कश्यप ने बताया कि वे लगभग 35 साल से होली के चलते नगाड़े बेच रहे हैं। लगभग 6 वर्ष पूर्व तक हर बार होली में लाए गए नगाड़े बिक जाते थे, पर दो दिन से 5 नगाड़े ही बिका, शेष लाए गए नगाड़ों वापस घर ले जाएंगे। सम्पत ने बताया कि बरदा गांव में लगभग 35 परिवार नगाड़े बनाते हैं, बनाने से छोटे नगाड़े में 500 एवं बड़े नगाड़े 1500 रूपए खर्च होते हैं। छह वर्ष पूर्व तक नगाड़ों की बिक्री से ही परिवार पालते थे, पर अब नगाड़ों के साथ-साथ ही रस्सी आदि बनाकर परिवार पाल रहे हैं।

### आट्र्स और कॉमर्स के विद्यार्थियों ने बनाए विज्ञान के मॉडल

जगदलपुर। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में रचनात्मकता और वैज्ञानिक चेतना का सजीव उत्सव देखने को मिला। विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लेते हुए साइंस व टेक्नालॉजी से जुड़े विषयों पर अपने विचारों को कार्यशील मॉडल, आकर्षक पोस्टर और रंगोली के माध्यम से प्रस्तुत किया।

विद्यार्थियों ने विज्ञान विषयों पर 19 पोस्टर तैयार किए, जबकि साठ विद्यार्थियों ने तेरह समूहों में सूचनात्मक और थीम आधारित रंगोलियां बनाईं। विज्ञान और तकनीक के प्रयोगों पर आधारित दो कार्यशील मॉडल भी प्रदर्शित किए गए,जिन्होंने उपस्थित जनों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

प्रतिभागियों को इको साइंस, डिजिटल इंडिया व एआई, वुमन इन स्पेस, रोल ऑफ साइंस एंड टेक्नालॉजी इन एजुकेशन तथा वुमन इन बायोसाइंस एंड हेल्थकेयर जैसे समसामयिक विषय प्रदान किए गए थे। तीनों स्पर्धाओं में प्रो स्वपन कुमार कोले,प्रो मणिशंकर मिश्रा,डॉ विनोद कुमार सोनी,डॉ सजीवन कुमार,डॉ सुकृता तिर्की,डॉ समीर ठाकुर,डॉ देवेंद्र कुमार मरावी व डॉ नीरज कुमार वर्मा ने निर्णायक के रूप में प्रतिभागियों की प्रस्तुति का मूल्यांकन किया।1

#### कांग्रेस से राज्यसभा सीट साहू समाज को देने का प्रस्ताव

# जिला साहू संघ की बैठक में लेखराम के नाम पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिला साहू संघ की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को तेलीनसत्ती सामाजिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान राज्यसभा चुनाव को लेकर एक अहम प्रस्ताव सामने आया, जिसमें सर्वसम्मति से यह मांग उठी कि इस बार साहू समाज से राज्यसभा सांसद बनाया जाए, ताकि उच्च सदन में समाज का सशक्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की दो सीट रिक्त होनी है जिनमें से एक सीट कांग्रेस को मिलना लगभग तय माना जा रहा है। ऐसे में साहू समाज की ओर से अनुभवी और मजबूत प्रत्याशी को अवसर दिया जाना चाहिए। इस संदर्भ में कांग्रेस के पूर्व विधायक लेखराम साहू के नाम पर विशेष सहमति बनी। श्री साहू कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को अपना आवेदन सौंप चुके हैं।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश साहू समाज के प्रतिनिधियों ने भी विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर राज्यसभा की एक सीट साहू समाज को देने की मांग रखी है। समाज का मत है कि अनुभवी, संगठन को समझने वाले और जमीनी राजनीति से जुड़े नेता को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

विदित हो कि सिलौटी निवासी लेखराम साहू ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत सरपंच पद से की थी। इसके बाद वे कुरूद विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए। उन्होंने जिला एवं प्रदेश स्तर पर साहू समाज के प्रमुख पदों पर रहकर सामाजिक संगठन को मजबूती प्रदान की है। वर्ष 2018 में भी वे राज्यसभा चुनाव लड़ चुके हैं। बैठक में जिलाध्यक्ष गणेशराम साहू, दयाराम साहू, निर्मला साहू, राजेन्द्र साहू, विजय साहू, संतराम साहू, गोपाल साहू, गणेश प्रसाद साहू, चिरौंजी लाल साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित थे।

# समाज के विकास के लिए पुरानी परंपराओं को त्यागना होगा : ग्वाले

- कोसरिया धोबी समाज के वार्षिक महाधिवेशन में महासभा के 9 परिक्षेत्र हुए शामिल


हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ओडिशा प्रांत के उमरकोट में 1 मार्च को कोसरिया धोबी समाज छग ओडिशा राज का वार्षिक महाधिवेशन हुआ। महासभा के 9 परिक्षेत्र सिहावा, नवागढ़, कांकेर, पलना, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, जगदलपुर और उमरकोट परिक्षेत्र के सामाजिकजन शामिल हुए। महाधिवेशन के अध्यक्ष शारदाप्रसाद ग्वाले, संरक्षक रामलाल नाग, सचिव लोचन निर्मलकर, सहसचिव निरंजन नाग, कोषाध्यक्ष कैलाश नायक, संगठन सचिव धुनीलाल ग्वाले तथा महामंत्री उमाशंकर कौशिक का सहयोग रहा।

मुख्य अतिथि ओडिशा प्रांत के कैबिनेट मंत्री नित्यानंद गोंड तथा पूर्व सांसद रमेश मांझी थे। उन्होंने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए समाज के विकास हेतु सहयोग प्रदान करने की बात कही। महाधिवेशन में आय-व्यय का लेखा जोखा, अतिथियों और पदाधिकारियों का सम्मान, सामाजिक समस्याओं का निराकरण, प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि का वितरण, महासभा राशि का वितरण, आकस्मिक रूप से दिवंगत दो मृतात्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उमरकोट परिक्षेत्र के अध्यक्ष चूड़ामणि नायक, संरक्षक कैलाश नायक, उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत नाग, सचिव जोशी नायक एवं कोषाध्यक्ष मुन्ना नायक के साथ युवा प्रकोष्ठ तथा महिला वर्ग का योगदान रहा। महाधिवेशन में 9 समस्याओं का निराकरण किया गया। जगदलपुर परिक्षेत्र से आए अध्यक्ष बलदेव नागे ने अपने परिक्षेत्र के कार्यों, उपलब्धियों और आने वाले समय में समाज के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया।

महासभा अध्यक्ष शारदा प्रसाद ग्वाले ने धोबी समाज के विकास हेतु रोडमैप, समाज की पुरानी परंपराओं और मान्यता जो आज बदलने की स्थिति में है, उसे बदलने और नशामुक्ति दुर्व्यसन से छुटकारा दिलाने जैसी पहल करने की आवश्यकता पर बल दिया । समाज के सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित करने, समाज के गरीब और निर्धन वर्ग को आर्थिक सहयोग प्रदान करने संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। महाधिवेशन का संचालन रामलाल नाग, शारदा प्रसाद ग्वाले एवं लक्ष्मीकांत नाग तथा आभार प्रदर्शन चूड़ामणि नायक ने किया। यह जानकारी महासभा अध्यक्ष शारदा प्रसाद ग्वाले ने दी।

## होली के रंग में रंगे बच्चे...



धमतरी। सोमवार को होलिका दहन पर कृदत्त कालोनी में बच्चे नंगाड़ा बजाकर होली के रंग में सराबोर रहे।

# होली पर मासूमों की डोर, राहगीरों से मांग रहे सहयोग राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर क्षेत्र में होली दहन के दिन सुबह कुछ छोटे-छोटे बच्चे सड़क किनारे नगाड़े बजाते दिखाई दिए साथ रोड पर डोर (रस्सी) बांधकर राहगीरों को रोकते हुए नजर आ रहे हैं। बच्चे राहगीरों से सहयोग के रूप में राशि मांगते हैं।

सहयोग राशि मिलने पर बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलकती है।

हालांकि यह दृश्य मासूमियत से भरा प्रतीत होता है, लेकिन व्यस्त सड़क पर इस प्रकार डोर बांधकर वाहनों और राहगीरों को रोकना किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अभिभावकों और प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। बच्चों को सड़क पर खड़ा करने के बजाय सुरक्षित वातावरण में त्योहारी या सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

# महापौर व भाजपा पार्षदों ने चंद्राकर को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विवेकानन्द वार्ड की पार्षद एवं महिला बाल विकास विभाग की प्रभारी विभा चंद्राकर के निवास पर महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों ने उनके पति स्व. संजय चंद्राकर के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

स्वर्गीय चंद्राकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा नगर निगम परिवार विभा चंद्राकर और उनके परिजनों के साथ खड़ा है।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि स्व. संजय चंद्राकर का असामयिक निधन अत्यंत दुखद है। ईश्वर उनकी दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। भाजपा पार्षदों ने भी स्व. संजय चंद्राकर के सामाजिक व्यवहार, सरल स्वभाव एवं मिलनसार व्यक्तित्व को स्मरण करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# कलेक्टर आकाश छिकारा ने ज्ञानगुड़ी का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के संकल्प के साथ कलेक्टर आकाश छिकारा ने रविवार को ज्ञानगुड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की गतिविधियों का जायजा लेते हुए कहा कि ज्ञानगुड़ी के स्वरूप को और अधिक संवारा जाएगा ताकि विद्यार्थियों को एक बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। वर्तमान में यहाँ नीट, जेईई, पीएटी और नर्सिंग जैसी महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग सफलतापूर्वक दी जा रही है, लेकिन अब जिला प्रशासन इसका दायरा बढ़ाने की तैयारी में है। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि भविष्य में यहाँ एसएससी सहित केंद्र और राज्य स्तरीय अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी प्रारंभ करवाई जाए, जिससे स्थानीय युवाओं को बड़े शहरों की ओर निर्भर न रहना पड़े।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर छिकारा ने शिक्षकों के सेवा भाव और उनके कठिन परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक पूरी निष्ठा के साथ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं, उनके समर्पण को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा। शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने अपील की कि वे अध्यापन के कार्य को और अधिक प्रभावी और बेहतर ढंग से संपन्न करें।

# योजनाओं को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि विभाग की प्राथमिकता वाली योजना को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने शासन के प्रमुख योजनाओं के दस-दस हितग्राहियों को मॉडल के रूप में चयनित करने के लिए कहा, जिनको अन्य लोगों को योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित करने के लिए उपयोग किया जा सके। सोमवार की दोपहर जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने आगामी 22 मार्च को आयोजित की जा रही बस्तर हेरीटेज मैराथन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक लोगों से पंजीयन करवाने कहा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बस्तर जनपद में कार्यक्रम आयोजन की तैयारियों के लिए अधिकारियों को दायित्व दिए। कलेक्टर ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष के चयनित ग्रामों में विभिन्न विभागों की योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाने पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जिले में विकास कार्यों को गति मिल सके।

कलेक्टर ने बैठक में ई-प्रगति पोर्टल की प्रविष्टियों, डेफ्ट खातों में लंबित राशि जमा कराने, पीएम श्री स्कूल के तहत संचालित विकास कार्यों की प्रगति तथा धान के उठाव की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने राशन दुकानों में खाद्य सामग्री के पर्याप्त भंडारण एवं समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संपूर्णता अभियान 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन, राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों के निराकरण, लखपति पहल योजना की प्रगति, पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं स्थापना कार्यों की स्थिति की जानकारी ली।

इसके साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि में एग्रिस्टैक की प्रगति एवं किसानों के ई-केवाईसी की स्थिति की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल आपूर्ति के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया गया।बैठक में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं, कृषि विभाग, मत्स्य एवं पशुपालन विकास विभाग की गतिविधियों, विभिन्न निर्माण विभागों के प्रगतिरत कार्यों तथा कौशल विकास से संबंधित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने समय-सीमा के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करने तथा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सी पी बघेल, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

#### रसरंग होली महोत्सव में गूंजे ठहाके

# विधायक अजय बोले : संस्कृति की निरंतरता ही समाज की शक्ति है

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद






होली की पूर्व संध्या पर 2 मार्च को खेल मैदान कुरूद में वन्देमातरम परिवार द्वारा आयोजित 21वां रसरंग होली महोत्सव हंसी, व्यंग्य और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे की वंदना से हुई। छत्तीसगढ़ी प्रस्तुति नंदा जाहि का रे ने श्रोताओं से खूब तालियां बटोरीं।

हरियाणा से आए कवि ने 21 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहे इस आयोजन की सराहना करते हुए हास्य चुटकुलों से वातावरण को हल्का-फुल्का बनाया। पद्मश्री सम्मानित कवि ने अपनी विशिष्ट व्यंग्य शैली में समसामयिक परिस्थितियों पर कटाक्ष कर श्रोताओं को हंसी से लोटपोट कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संस्था के संरक्षक विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि कुरूद क्षेत्र विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अग्रणी रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि साहित्य, खेलकूद और ललित कलाओं के ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को संस्कार और दिशा देते हैं। इन परंपराओं को अनवरत जारी रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने की। उन्होंने कहा कि 21 वर्षों से आयोजित यह महोत्सव नगर और जिले की पहचान बन चुका है तथा रजत जयंती वर्ष को और भी भव्य रूप दिया जाएगा। वन्देमातरम परिवार के अध्यक्ष भानु चन्द्राकर ने आभार व्यक्त किया। संचालन प्रभात बैस ने किया। इस दौरान कवियों का सम्मान किया गया।

विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी बैंक रायपुर अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष ज्योति जैन, पूर्व अध्यक्ष द्वय कुरुद राजकुमारी दीवान, रविकांत चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष मगरलोड बीरेन्द्र साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, शशि पवार, कविन्द्र जैन, त्रिलोकचंद जैन, रोहिताश मिश्रा, भाजपा नेता कल्याण राजपूत, लोकेश साहू, मोहन अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग सेवाओं को प्राथमिकता से पहुंचाएं

बीजापुर। जिला पंचायत सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे की उपस्थिति में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने सभी वीएलई को निर्देशित किया कि क्षेत्र के ग्राम पंचायत स्तर पर बैंकिंग सेवाएं अनिवार्य रूप से प्रदान करें। इससे अधिक से अधिक हितग्राहियों को मनरेगा, महतारी वंदन योजना एवं पेंशन योजना आदि का भुगतान सीएससी केंद्रों के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से हितग्राहियों को भुगतान प्राप्त करने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

## खबर संक्षेप



### मातृ-शिशु स्वास्थ्य व टीकाकरण पर विशेष जोर

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली, उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और संस्थागत व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों की रात्रि काल में उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को रात्रि में निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में एएनसी जांच एवं संस्थागत प्रसव सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिन स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव की औसत 5 से कम होने की स्थिति में, वहां के संबंधित ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को नोटिस जारी करने को कहा और खराब प्रदर्शन वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के स्टाफ की ड्यूटी जिला अस्पताल में रोस्टर के अनुसार लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों में पेयजल समस्या के समाधान पर जोर देते हुए प्रसव सेवाएं सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने मातृ- शिशु मृत्यु दर की पृथक से विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा स्टील बर्थ के प्रत्येक प्रकरण की जांच के निर्देश दिए। सर्वेक्षण सूची के आधार पर सभी बच्चों का टीकाकरण पूर्ण करने तथा जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में बीसीजी का शत-प्रतिशत टीकाकरण कवरेज सुनिश्चित करने कहा गया।
कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत टीबी, हायपर टेंशन, मानसिक स्वास्थ्य और जापानी इंसेफेलाइटिस के लिए एक्टिव सर्विलांस, डेंगू के पीक सीजन में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने तथा सूअर पालन वाले क्षेत्रों में जापानी इंसेफेलाइटिस रोकथाम हेतु विशेष सतर्कता बरतने को कहा।
टेलीमेडिसिन सेवाओं के विस्तार हेतु ई-संजीवनी के माध्यम से जिला अस्पताल स्तर पर प्रमुख सेवाएं शुरू करने तथा एआरवी रजिस्टर के सुव्यवस्थित संधारण पर बल दिया गया।

### स्वास्थ्य सेक्टर में समर्पित होकर करें दायित्व निर्वहन : डोमन

**जगदलपुर।** कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि बस्तर संभाग जैसे आदिवासी बहुल अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं की भूमिका और भी महत्वपूर्ण है, जहां अंदरूनी इलाकों के ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराना प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से जमीनी स्तर पर सतत निगरानी, समन्वय और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने पर जोर देते हुए हुए कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं ही सशक्त समाज की नींव होती है। इसे मद्देनजर रखते हुए स्वास्थ्य सेक्टर में समर्पित होकर दायित्व निर्वहन करें। वहीं दूरस्थ इलाकों में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं का कारगर क्रियान्वयन कर हरेक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने हेतु सकारात्मक प्रयास किया जाए, इस दिशा में समन्वय कर विशेष शिविर भी आयोजित किया जाए। साथ ही आगामी ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने पूर्व तैयारी अभी से शुरू कर गर्मी के दिनों में पेयजल की पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश कमिश्नर ने कमिश्नर कार्यालय में संभागीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने बैठक के दौरान विभिन्न विभागीय योजनाओं को सेचुरेशन की स्थिति में लाने पर जोर देते हुए कहा कि चयनित योजनाओं के अंतर्गत पात्र सभी लोगों को लाभान्वित किए जाने पर ध्यान केन्द्रित करें। निर्धारित लक्ष्य के आधार पर योजना क्रियान्वयन को वरीयता दी जाए। कमिश्नर ने मोतियाबिंद जांच एवं उपचार के तहत संवेदनशीलता के साथ दो आंख में मोतियाबिंद पीड़ितों को पहली प्राथमिकता देकर ऑपरेशन किए जाने कहा।

कलेक्टर ने नगरी में लाइब्रेरी एवं को-वर्किंग स्पेस का किया निरीक्षण, युवाओं से किया संवाद

# सफलता के लिए नियमित अध्ययन समय प्रबंधन आवश्यक : अबिनाश मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने युवाओं के शैक्षणिक एवं रोजगारोन्मुखी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगरी में संचालित लाइब्रेरी एवं को-वर्किंग स्पेस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं स्वरोजगार से जुड़े युवाओं से सीधे संवाद कर उनकी आवश्यकताओं, चुनौतियों एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली।

लाइब्रेरी निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए कहा कि सफलता के लिए नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप परीक्षाओं का चयन कर सुनियोजित रणनीति के साथ तैयारी करने की सलाह दी। साथ ही समसामयिक विषयों, दैनिक समाचार पत्रों एवं संदर्भ पुस्तकों के नियमित अध्ययन पर विशेष बल दिया।



#### मूलभूत सुविधाएं और भी सुदृढ़ होंगी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने को-वर्किंग स्पेस में पेयजल, स्वच्छ शौचालय, इंटरनेट कनेक्टिविटी, विद्युत व्यवस्था तथा सुरक्षा संबंधी मूलभूत सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं अंचल क्षेत्रों के युवाओं को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण अध्ययन एवं कार्यस्थल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि उन्हें बड़े शहरों की ओर पलायन न करना पड़े।

#### उपलब्ध संसाधनों से मिल रहा लाभ

अध्ययनरत छात्र दमेश्वर कुमार ने बताया कि वे व्यापम की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और लाइब्रेरी में उपलब्ध संसाधनों से उन्हें काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि शांत, अनुशासित एवं प्रेरणादायक वातावरण के साथ पर्याप्त पुस्तकों, समाचार पत्रों और सुव्यवस्थित अध्ययन कक्ष की सुविधा से उनकी तैयारी अधिक प्रभावी हुई है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने नगरी में संचालित को-वर्किंग स्पेस का अवलोकन किया। यहां विभिन्न डिजिटल एवं ऑनलाइन गतिविधियों से जुड़े युवाओं से चर्चा करते हुए उन्होंने नवाचार एवं स्वरोजगार के अवसरों को अपनाने हेतु प्रेरित किया।

युवक नीलकंठ ने बताया कि वे मेट्रो मनी नामक वेबसाइट का संचालन कर रहे हैं, जिससे उन्हें प्रतिमाह लगभग 40 हजार रुपये की आय प्राप्त हो रही है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं विस्तार योजना में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाइब्रेरी में नियमित कैरियर मार्गदर्शन सत्र, मॉक टेस्ट एवं विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित किए जाएं, जिससे युवाओं को प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर मिल सके। मौके पर सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह में बुजुर्गों को मिला स्नेह और सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ वृद्धाश्रम रुद्री में धूमधाम से मनाई गई होली

रुद्री स्थित वृद्धा आश्रम में होली मिलन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ महतारी महिला सेवा संस्थान एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू व विशिष्ट अतिथि वाइस चेयरमेन आकाश गिरी गोस्वामी, रेडक्रॉस सोसायटी की चेयरमेन प्राप्ति वाशानी, वृद्धा आश्रम के अध्यक्ष लक्खु भानुशाली थे। इस अवसर पर आश्रम में रह रहे बुजुर्ग माता-पिता को रंग और गुलाल लगाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बुजुर्गों के चेहर पर खुशी और संतोष की झलक स्पष्ट दिखाई दी। अतिथियों ने उनके साथ समय बिताया।

अपने संबोधन में विधायक ओंकार साहू ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने समाज से अपील की कि वृद्धजनों की सेवा और देखभाल को प्राथमिकता दें। सभी को मिठाइयां वितरित की गईं और रंगों के साथ होली की खुशियां साझा की गईं। विधायक ने उपहार स्वरूप राशि भेंटकर बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## सशिमं आमातालाब में होली पर्व मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय आमातालाब में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता परमेश्वर गजेन्द्र ने होली का महत्व तथा विद्यालय समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप शर्मा ने होली को भक्ति एवं भाईचारे का पर्व बताया। प्राचार्य श्रीमती खेमीन साहू एवं वरिष्ठ आचार्य प्रदीप यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस पर्व पर प्राथमिक विभाग के छात्रों ने होली गीत पर अभिनय, नृत्य प्रस्तुत किए। प्राचार्य केवलसिंह साहू, परमेश्वर गजेन्द्र ने होली गीत गाये। नगाड़े की ताल पर डॉ. प्रदीप शर्मा ने संगत किए। नगाड़े की धुन पर छात्र- छात्राएं थिरकते नजर आए। सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने एक दूसरे पर गुलाल लगाया। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी केवलसिंह साहू ने दी।

## फाग गीत एवं कला महोत्सव में मनमोहक झांकी ने मोहा मन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्री राम हिंदू संगठन एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम लिमतरा में फाग गीत एवं कला महोत्सव का आयोजन हुआ। अतिथि सरपंच भुनेश्वरी साहू, उपसरपंच पंकज साहू, ग्राम प्रमुख दवारिका साहू, घनश्याम, हरदेव चंद्राकर, लीलेश साहू, वीरेंद्र ध्रुवंशी थे। रंगमंच में पाररास बालोद, मोहंदी अभनपुर, परसतराई अर्जुंदा तथा मुजगहन धमतरी की फाग मंडली ने अपनी मनमोहक झांकी प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर सुबोध राठी, हेमराज सोनी तथा पं. राजेश शर्मा के प्रतिनिधि कुलेश सोनी, केआर साहू, चंद्रहास तथा घनश्याम सिंह साहू सेवानिवृत्त व्याख्याता ने सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति की रक्षा का संदेश देते हुए होली त्योहार को भाईचारा और शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। मौके पर पंचू साहू, रविशंकर, नेकराम, टेकराम, महेंद्र, राजेश, रामकुमार, पंकज ,खुमान, धरम, प्रवीण, पूनम, खेमराज, नेमू, उत्तरा, प्रदीप समेत अनेक ग्रामवासी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन योगेश किरण पलारी ने किया।

## फाग हमारी लोक संस्कृति, परंपरा और आस्था की अमूल्य धरोहर



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विधायक ओंकार साहू ग्राम सरसोपुरी में युवा उत्थान संकल्प मंच एवं ग्राम विकास समिति द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सस्वर फाग सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फाग हमारी लोक संस्कृति, परंपरा और आस्था की अमूल्य धरोहर है, जिसे संरक्षित और प्रोत्साहित करना हम सभी का दायित्व है। सम्मेलन में प्रदेशभर से आए कलाकारों ने फाग की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

ढोलक, मंजीरा और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों पर प्रस्तुत भक्ति एवं लोकगीतों ने वातावरण को भक्तिमय और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। ग्रामीणों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने भविष्य में भी लोककला और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जैन संघटना महिला शाखा ने किया नारी शक्ति का सम्मान

**धमतरी।** भारतीय जैन संघटना महिला शाखा धमतरी के तत्वावधान में होली मिलन एवं महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की सक्रिय, प्रेरणादायी और अग्रणी महिलाओं को सम्मानित कर उनके सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा कार्यों में योगदान को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में संतोष मिन्नी, पूजा लुंकड़, शिल्की मूलवानी सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मनोरंजक गतिविधियां और होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्ष संगीता गोलछा, सचिव इंद्रा लुकड़, सुषमा जैन, सूर्या लुकड़ ने महिला शाखा की गतिविधियों की जानकारी दी। इस आयोजन में अंजू लोढ़ा, किरण लोढ़ा, मधु दुग्गड़, अनीता गोलछा, शशि गोलछा, अंजू छाजेड, अपेक्षा लोढ़ा सहित अनेक सदस्यों का योगदान रहा।

## छात्रों ने रासायनिक अपशिष्ट के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला



■ कन्या महाविद्यालय में रासायनिक एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर हुई प्रतियोगिता

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में रसायनशास्त्र विभाग द्वारा बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रैक्टिस के अंतर्गत रासायनिक एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षित रासायनिक अपशिष्ट निपटान तथा ठोस कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूकता विकसित करना था। प्रतियोगिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने रासायनिक अपशिष्ट के दुष्प्रभाव, पृथक्करण पुनर्चक्रण के पुनः उपयोग तथा वैज्ञानिक निस्तारण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। निर्णायक मंडल द्वारा विषय-वस्तु, प्रस्तुतिकरण शैली, भाषा एवं समय-सीमा के आधार पर मूल्यांकन किया गया। विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया।

## मनुष्य जीवन बार-बार नहीं मिलता, इन्हें अच्छे कार्यों में लगाए : सुधाकरदास

■ ग्राम गणेशपुर में कबीर सत्संग समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव





सत्संग सेवा समिति, बोल बम सेवा समिति, रामायण सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम गणेशपुर में सदगुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन 1 मार्च को सुधाकरदास शास्त्री ने कहा कि 84 लाख योनियों को पार करने के बाद मनुष्य जीवन मिला।

मनुष्य जीवन बार-बार नहीं मिलता है। अपने जीवन को पवित्र और निर्मल बनाकर पाप मुक्त अवश्य करें। जीवन के दुर्गुण को समाप्त करें। कथा सुनने डॉ ललित कुमार, श्रीमती इंद्राणी निषाद, प्रेमनारायण, जमुना निषाद, नरेंद्र कुमार, सुरुचि निषाद, शंकरलाल, गोमती निषाद, प्रेमशंकर, तेजेश्वरी निषाद, शिवचरण, रुक्मणि निषाद, सुमित्रा निषाद, तुलस, बेदन, कमलेश, प्रमोद, चेतन, लुकेश, ओंकार, पदमा, राधा, रेणु, पायल सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## कार्यकारी अध्यक्ष ने व्यापारियों के भरोसे को संगठन की ताकत बताया



■ चेंबर आफ कॉमर्स के सदस्यता अभियान ने रचा नया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ के संगठित व्यापार को नई दिशा देते हुए छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में धमतरी इकाई का सदस्यता अभियान ऐतिहासिक समर्थन के साथ सफल रहा। प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में चेम्बर प्रतिनिधिमंडल के धमतरी आगमन पर जिला अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा व उनकी टीम ने स्वागत किया।

जिला उपाध्यक्ष दिनेश रोहरा ने नई सदस्य सूची प्रदेश कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया को सौंपी। श्री बरड़िया ने धमतरी इकाई के प्रयासों की सराहना करते हुए संगठन को और सशक्त बनाने की बात कही। कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने व्यापारियों के भरोसे को संगठन की ताकत बताया, वहीं जसप्रीत सिंह सलूजा ने गाइडलाइन दर में कमी, जीएसटी सुझावों की मान्यता और एकल खिड़की प्रणाली जैसी उपलब्धियों का उल्लेख किया। बैठक में राइस मिल उद्योग, ट्रेड लाइसेंस, गाइडलाइन दर, ऑनलाइन चालानी और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले वाहनों की समस्याओं पर चर्चा हुई। चेम्बर ने इन पर ठोस समाधान का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में श्रीचन्द सुन्दरानी, चेतन तारवानी, दिलीप इसरानी, मनीष प्रजापति, पंकज जैन, धनेश मटलानी, निखिल पंड्या, आलोक पाण्डेय, राजमल राखेचा, नरेंद्र रोहरा, निर्मल बरड़िया, सुनील जैन, रमेश दीवानी, रमेश जैन, प्रमोद पाण्डेय, पंकज शर्मा, कन्हैया कामरानी, महेश चावला, अमित अग्रवाल, सुरेश वल्यानी, सतराम वाशानी, रविन्द्र सिंह छाबड़ा, भूपेश अंबानी, मोहित जैन, आकाश गोलछा, अशोक दुबानी, सोनू जसूजा, महेश रामरख्यानी, संतोष तेजवानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

पीजी कॉलेज में विकसित भारत युवा संसद 2026 का जिलास्तरीय आयोजन

## प्रतिभागियों ने समसामयिक विषयों पर रखे अपने विचार

■ युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है : रोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, मैं भारत एवं पीजी कॉलेज धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत युवा संसद 2026 का जिला स्तरीय आयोजन शासकीय पीजी कॉलेज धमतरी में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा व विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, नगर निगम सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य विनोद पाठक थे।

युवा प्रतिभागियों ने संसद की कार्रवाई की तर्ज पर समसामयिक विषयों पर अपने विचार रखे। विद्यार्थियों ने विकसित भारत के निर्माण में शिक्षा, नवाचार, डिजिटल सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा कि युवा संसद जैसे मंच युवाओं में नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच और आत्मविश्वास का विकास करते हैं।

सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्रहित में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पार्षद संतोष सोनकर, संजय देवांगन, गजेन्द्र कंवर, अविनाश दुबे, ओमेश यादव, आयुष दीवान समेत छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बनबगौद स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मना

**धमतरी।** शासकीय माध्यमिक शाला बनबगौद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा छठवीं, सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने सूर्य घड़ी, चुंबक के प्रयोग, थर्मामीटर एवं उसके प्रकार, बीपी मशीन एवं पल्स ऑक्सीमीटर द्वारा स्वास्थ्य जांच, ज्वालामुखी मॉडल, विद्युत जनरेटर, अम्ल-क्षार परीक्षण, विद्युत के सुचालक व कुचालक का परीक्षण, जल शुद्धिकरण प्रक्रिया, मानव अस्थियों तथा सौरमंडल के मॉडल प्रस्तुत किए। प्रधान पाठक सीके चंद्राकर ने कहा कि ऐसे आयोजन से विज्ञान विषय के प्रति जिज्ञासा बढ़ती है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने करें समन्वित प्रयास

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभाग द्वारा संचालित छात्रावास-आश्रमों की व्यवस्था, शिष्यवृत्ति सुविधाओं एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रगतिरत आश्रम-छात्रावास के कार्य में विलंब होने पर नियमानुसार पेनाल्टी के तहत निविदाकार की राशि काट कर दिया जाए। साथ ही उन्होंने प्रयास विद्यालय के बोर्ड परीक्षा के परिणाम में सुधार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों के अंतर्गत भोजन सहाय योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, विशेष कोचिंग योजना, "स्वस्थ तन-स्वस्थ मन" योजना, मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना तथा युवा कैरियर योजना अंतर्गत संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने निःशुल्क नर्सिंग प्रशिक्षण योजना, आदिवासी सांस्कृतिक दलों की सहायता, जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना, आदिवासी संस्कृति के संरक्षण एवं विकास योजना तथा देवगुड़ी निर्माण कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की। बैठक में नक्सल पीड़ित व्यक्तियों को आर्थिक सहायता, अनुकंपा नियुक्ति, पुनर्वास योजना, सद्भावना शिविरों के आयोजन तथा अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

### बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग के योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने प्रेरणा सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने जिले में आयुष्मान कार्ड, वय वंदन योजना कार्ड के लंबित हितग्राहियों को योजना से जोड़ने हेतु आयोजित विशेष शिविर के दौरान निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए जिन पंचायतों में अधिक लंबित संख्या है उनमें प्लान कर एक सप्ताह में शत-प्रतिशत कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के प्रकरणों में हितग्राहियों का चिन्हांकित कर गर्भवती महिलाओं उनके स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए उनको संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से जिले में संचालित जन औषधि केंद्र की स्थिति, जीवन दीप समिति की राशि का उपयोग, एनसीडी स्क्रीनिंग के तहत हाइपर टेंशन - डायबिटीज की जांच और फॉलोअप लेने के संबंध में चर्चा किए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग से अपार आईडी के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि आधार अपडेट, जन्म तिथि और स्कूली दस्तावेजों में कमी पेशी को दूर करने की पहल जारी रखें और जल्द अपार आईडी के काम को पूरा करवाएं। स्कूलों में एमबीयू लंबित प्रकरणों के निराकरण में खंड शिक्षा अधिकारी कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही पूरा करें। उन्होंने कहा कि डाक विभाग द्वारा 0-5 वर्ष तक बच्चों का आधार कार्ड बनाने की कार्यवाही की जाती है इसके लिए जनपद पंचायत सीईओ द्वारा शिविर आयोजित करवाने की पहल किया जाए।

शहर से लेकर गांवों तक होली पर्व की धूम

# दो दिन हुआ होलिका दहन आज मनेगा रंगों का पर्व





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

इस वर्ष होलिका दहन को लेकर शहर एवं अंचल में स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं रही। पंचांग, भद्रा साया और चंद्र ग्रहण के संयोग के कारण होलिका दहन दो दिन सोमवार और मंगलवार को हुआ। नागरिकों में असमंजस बना रहा। परिणामस्वरूप कहीं सोमवार तो कहीं मंगलवार की रात्रि होलिका दहन किया गया।

सोमवार की रात कुछ मोहल्लों में परंपरागत रूप से होलिका दहन हुआ। वहीं अनेक स्थानों पर पंडितों की गणना के अनुसार भद्रा साया और ग्रहण के कारण 2 मार्च को दहन को अशुभ मानते हुए इसे टाल दिया गया। ऐसे क्षेत्र में मंगलवार की रात्रि होलिका दहन किया गया। कुछ विद्वानों ने 3 मार्च को होलिका दहन का मुहूर्त शुभ बताया, जबकि अन्य ने परंपरा के अनुसार सोमवार रात्रि को ही दहन उचित माना। अलग-अलग पंचांगों और गणनाओं के चलते निर्णय एकरूप नहीं हो सका।

धार्मिक जानकारों के अनुसार भद्राकाल और चंद्र ग्रहण का प्रभाव होने से कई स्थानों पर 2 मार्च को होलिका दहन नहीं किया गया। इसी कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग तिथियों पर होलिका दहन की तस्वीर देखने को मिली। प्रशासन की ओर से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए, जिससे सभी स्थानों पर आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

उधर धुलेड़ी (रंग गुलाल) पर्व को लेकर स्थिति स्पष्ट रही। शहर एवं अंचल में धुलेड़ी 4 मार्च को मनाई जाएगी। बाजारों में रंग-गुलाल, पिचकारी और होली सामग्री की खरीदारी तेज हो गई है। नागरिकों ने आपसी सौहार्द्र और परंपराओं का सम्मान करते हुए पर्व मनाने की अपील की है। इस वर्ष होलिका दहन की तिथि को लेकर मतभेद रहा पर उत्साह और परंपरा की लौ पूरे धमतरी में समान रूप से प्रज्वलित रही।

### शराब पीकर हुड़दंग मचाने पर होगी कार्रवाई

- परसुली में ग्राम विकास समिति व पंचायत ने लिए कई फैसले

परसुली में ग्राम विकास समिति व पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक हुई जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि होली त्योहार को शांति पूर्ण ढंग से मनाया जायेगा। शासकीय भवनों व धार्मिक जगहों पर शराब न पीएं। त्योहार भाईचारा के साथ मनाएं। रंग में कोई अन्य चीज का प्रयोग कर जबरदस्ती न लगाएं। शराब पीकर हुड़दंग न करें। यदि कोई भी व्यक्ति शराब पीकर गाली-गलौज करेगा तो पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई की जायेगी। मौके पर सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्ववर निषाद, उपाध्यक्ष मेघनाथ साहू, कोषाध्यक्ष कृष्णकुमार साहू, सचिव तोरण निषाद, विश्राम डहरिया, त्रिलोकी साहू, उपसरपंच घनश्याम बांधे, चित्रसेन निषाद, नारायण साहू, ढुरेंद्र भास्कर, मेघनाथ भंडारी, ईश्वर साहू, प्रीतलाल निषाद, धनवा महिलांगे, मदन साहू , रेखू विश्वकर्मा उपस्थित थे।

# खिलाड़ी ही सशक्त समाज की पहचान होते हैं : रोहरा

- महापौर ने खेल संघों व क्लबों को बांटी आधुनिक खेल सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



छत्तीसगढ़ शासन की क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत नगर निगम को खेल संसाधनों की बड़ी सौगात मिली है। प्राप्त खेल सामग्री का वितरण नगर निगम परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रामू रोहरा द्वारा शहर के विभिन्न खेल संघों एवं क्लबों को किया गया। आयोजन में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था, वहीं प्रशिक्षकों ने इसे खेल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य खिलाड़ियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सशक्त खिलाड़ी ही सशक्त समाज की पहचान होते हैं। यदि हमारे युवा खेलों में आगे बढ़ेंगे तो धमतरी का नाम राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित होगा। उन्होंने कहा कि खेल सामग्री उपलब्ध होने से खिलाड़ियों को नियमित, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण अभ्यास का अवसर मिलेगा, जिससे प्रदर्शन में निरंतर सुधार आएगा।

खेल संघों के पदाधिकारियों व खिलाड़ियों ने बताया कि लंबे समय से आधुनिक संसाधनों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नई सामग्री से प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ेगी, चोटों का जोखिम कम होगा और प्रतिस्पर्धाओं में बेहतर परिणाम मिलेंगे। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रही। खिलाड़ियों व संघ प्रतिनिधियों ने अबिनाश मिश्रा, प्रिया गोयल तथा पीयूष तिवारी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### महाशिवरात्रि का अर्थ अज्ञान से ज्ञान की ओर बढ़ना है : सरिता

**नगरी।** ग्राम बिरगुड़ी स्थित प्रभु स्मृति भवन में ब्रम्हाकुमारीज के तत्वावधान में शिव ध्वजारोहण कार्यक्रम श्रद्धा, गरिमा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा थे। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच अकबर कश्यप, राधेश्याम लाल नाग, नरेंद्र कश्यप, देव पुजारी यशवंत नाग, बुधार लाल ध्रुव, रूपलाल नाग सहित बीके भावना एवं फुलेश्वरी बहन रही। अतिथियों ने पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ शिव ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## दवा विक्रेता समाज के स्वास्थ्य तंत्र की महत्वपूर्ण कड़ी : ओंकार



**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू दवाई विक्रेता संघ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि दवा विक्रेता समाज के स्वास्थ्य तंत्र की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे हर परिस्थिति में आम नागरिकों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराकर सेवा का कार्य करते हैं। होली जैसे पावन अवसर पर इस प्रकार का मिलन समारोह आपसी संवाद, सहयोग और एकजुटता को और मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि रंगों का यह पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। हमें इस त्योहार की भावना को अपने व्यवहार में उतारते हुए समाज में सद्भाव और सकारात्मकता फैलाने का संकल्प लेना चाहिए।

## सार्थक के विशेष बच्चों को मिले सहायक शिक्षण किट



- बच्चों तक आवश्यक संसाधन पहुंचाना शासन की प्राथमिकता : बीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत सीडब्ल्यूएसएन (चिल्ड्रन विथ स्पेशल नीड्स) अर्थात विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए बीआरसी (ब्लॉक रिसोर्स सेंटर) धमतरी कार्यालय में सहायक शिक्षण किट प्रदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर चौधरी, बीआरसी समन्वयक ललित सिन्हा एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार ध्रुव की उपस्थिति में सार्थक संस्था के 9 विशेष बच्चों को आवश्यक शिक्षण किट प्रदान किए गए।

राघव ध्रुव, पतरस बाघमारे, अर्जुन चक्रधारी, मनीष मंडावी, बेबी ध्रुव, ओम बाबर, भूपेंद्र साहू एवं समीक्षा ध्रुव को लो विजन किट, फन एक्टिविटी किट, वुडन पजल, सोलर सिस्टम मॉडल, संख्या पहचान पजल, डेट ऑफ वीक किट, फिंगर ग्रिपर, अबेकस बीड्स, थैराबैंड आदि सामग्री उपलब्ध कराई गई। बौद्धिक दिव्यांगता से प्रभावित बच्चों तथा बौद्धिक दिव्यांगता एवं सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित मनीष एवं अर्जुन को आवश्यकता अनुसार विशेष सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर बीईओ लीलाधर चौधरी ने कहा कि शासन प्रत्येक विशेष आवश्यकता वाले बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण एवं आवश्यकता-आधारित संसाधन पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें तथा समावेशी शिक्षा को सुदृढ़ किया जा सके। प्रशिक्षक मैथिली गोड़े ने आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2 मई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसई) के तहत 2 मई को परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें चयनित कक्षा 8वीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी को 9वीं से 12वीं तक पढ़ाई के लिए हर माह एक-एक हजार रूपये की छात्रवृत्ति केंद्र सरकार की ओर से प्रदान की जाएगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना के लिए परीक्षा आवेदन फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यार्थियों द्वारा ऑफलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 20 मार्च है।

### वार्षिक अधिवेशन में महिलाओं एवं वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान

धमतरी। छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज गंगरेल पाली का वार्षिक अधिवेशन तुमराबहार में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुमराबहार सरपंच दीपक ध्रुव थे जबकि अध्यक्षता समाज के राज अध्यक्ष बलराम यादव शकरवारा ने की। विशिष्ट अतिथि कचरुराम यादव, महेश्वर नेताम, निरंजन कोर्राम, मुरली यादव, तुलसीराम यादव, मुकेश यादव थे। अधिवेशन की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की कलश शोभायात्रा से हुई, जो ग्राम भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस अवसर पर महिलाओं एवं वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन माखन यादव तथा आभार व्यक्त अध्यक्ष राजकुमार यादव ने किया।













